प्रेस नोट **दिनांक 15.11.2026**

बालक की पहचान एवं परिजनों की तलाश हेतु पुलिस द्वारा आमजन से सहयोग की अपील-

थाना चिरैयाकोट पुलिस द्वारा एक बालक लगभग 15 वर्षीय को बिहार से थाना परिसर में लाया गया है। बालक अपना नाम प्रियंशु, पिता का नाम रामजी तथा माता का नाम कलावती देवी, निवासी चिरैयाकोट, जनपद मऊ बता रहा है। हालांकि, बालक स्पष्ट रूप से अपनी पहचान एवं पते के संबंध में जानकारी नहीं दे पा रहा है, जिसके कारण उसके परिजनों एवं वास्तविक निवास स्थान की पुष्टि नहीं हो सकी है।

उक्त बालक की पहचान सुनिश्चित करने तथा उसके परिजनों तक पहुंचने के लिए पुलिस द्वारा प्रयास किए जा रहे हैं। जनपद मऊ पुलिस की आमजन से अपील है कि यदि किसी व्यक्ति को उक्त बालक के संबंध में कोई जानकारी हो अथवा उसके परिजनों को जानता हो, तो कृपया तत्काल थाना चिरैयाकोट पुलिस को सूचित करें।

संपर्क सूत्र:

थाना चिरैयाकोट, जनपद मऊ
मोबाइल नंबर: 9454403959

क्षेत्राधिकारी मुहम्मदाबाद
मोबाइल नंबरः 9454401314

अपर पुलिस अधीक्षक मऊ
मोबाइल नंबरः 9454401091

पुलिस अधीक्षक मऊ
मोबाइल नंबरः 9454400290

जनपद मऊ पुलिस आमजन से अपील करती है कि इस सूचना को अधिक से अधिक साझा करें, ताकि बालक की पहचान सुनिश्चित कर उसे सकुशल उसके परिजनों तक पहुंचाया जा सके।

पाक्सो एक्ट में वाछिंत 01 नफर अभियुक्त गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री सर्वेश कुमार मिश्रा के निर्देशन में अपराध/अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्री अनूप कुमार के पर्यवेक्षण में, क्षेत्राधिकारी मधुबन श्री दिनेश दत्त मिश्रा के नेतृत्व में मधुबन पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व भ्रमण के दौरान मुखबिर की सूचना पर, बनियाबांध तिराहे से दोहरीघाट जाने वाले रोड से मु0अ0सं0 191/2026 धारा 137(2)/87/65(2)/61(2) बीएनएस व 5एम/6 पाक्सो एक्ट से संबंधित वाछिंत अभियुक्त रामसागर पुत्र धर्मेन्द्र प्रसाद सा0 कोरौली पोस्ट गोठा थाना दोहरीघाट जनपद मऊ को गिरफ्तार कर चालान मा0 न्यायालय किया गया।

अभियुक्त का नाम पता:–

1. रामसागर पुत्र धर्मेन्द्र प्रसाद सा0 कोरौली पोस्ट गोठा थाना दोहरीघाट जनपद मऊ उम्र करीब 18 वर्ष

पंजीकृत अभियोंग-

1. मु0अ0सं0 191/2026 धारा 137(2)/87/65(2)/61(2) बीएनएस व 5एम/6 पाक्सो एक्ट

गिरफ्तारी का स्थान व समय-

बनियाबांध तिराहे से दोहरीघाट जाने वाले रोड **से समय करीब 09.05** बजे सुबह

मऊ पुलिस का सराहनीय कार्य: करीब एक वर्ष से लापता बालक को कोपागंज व चिरैयाकोट की संयुक्त टीम ने बिहार से सकुशल बरामद कर परिजनों के किया सुपुर्द।

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री सर्वेश कुमार मिश्रा के निर्देशन में अपराध नियंत्रण एवं गुमशुदा बच्चों व व्यक्तियों की त्वरित तलाश/ सकुशल बरामदगी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्री अनूप कुमार के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारीगण के नेतृत्व में थाना कोपागंज पर पंजीकृत मु0अ0सं0- 204/2025 धारा 137(2) बीएनएस से सम्बन्धित गुमशुदा बालक प्रियांशु पुत्र रामजी निवासी ग्राम जुम्मनपुरा थाना कोपागंज जनपद मऊ उम्र करीब 15 वर्ष को पुलिस द्वारा तत्परता, कर्तव्यनिष्ठा और संवेदनशीलता की मिसाल पेश करते हुए थाना चिरैयाकोट व कोपागंज की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा उक्त गुमशुदा बालक प्रियांशु पुत्र रामजी उपरोक्त को आज दिनांक 15.11.2026 को ग्राम अमनाबाद थाना बिहटा जनपद पटना (बिहार) से सक्रियता दिखाते हुए गुमशुदा बालक को सकुशल बरामद कर लिया गया। गुमशुदा बालक को पुनः उसके परिवार से मिलाना मऊ पुलिस की व्यावसायिक दक्षता, धैर्य और मानवीय प्रतिबद्धता को दर्शाता है। अपने बिछड़े बालक को सकुशल वापस पाकर परिजनों की आँखों में खुशी के आँसू छलक उठे और उन्होंने मऊ पुलिस तथा संयुक्त टीम के इस सराहनीय व संवेदनशील कार्य की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए हृदय से आभार व्यक्त किया।

मऊ पुलिस की अपील- किसी भी बच्चे के गुम होने की स्थिति में तत्काल नजदीकी थाने अथवा पुलिस हेल्पलाइन पर सूचना दें, जिससे समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके। मऊ पुलिस – आपकी सुरक्षा, हमारा संकल्प।

छठ पर्व के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक मऊ श्री सर्वेश कुमार मिश्रा द्वारा जनपद के छठ घाटो पर भ्रमणशील रहकर सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं का लिया जा रहा जायजा।

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री सर्वेश कुमार मिश्रा द्वारा छठ पर्व को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के दृष्टिगत छठ घाटो पर भ्रमणशील रहकर सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं का लिया जा रहा जायजा तथा जनपद पुलिस द्वारा व्यापक स्तर पर सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था संबंधी तैयारियां की जा रही हैं । इसी क्रम में जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारीगण द्वारा अपने-अपने सर्किल में भ्रमणशील रहकर छठ घाटों एवं आसपास के क्षेत्रों का निरीक्षण किया जा रहा है तथा सुरक्षा एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया जा रहा है।

इसी क्रम में जनपद के समस्त थाना प्रभारी/थानाध्यक्षों द्वारा भी अपने-अपने थाना क्षेत्रों में स्थित छठ घाटों का निरीक्षण किया जा रहा है । इस दौरान घाटों पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा, भीड़ प्रबंधन एवं यातायात व्यवस्था का जायजा लेते हुए संबंधित पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा- निर्देश दिए जा रहे हैं । साथ ही घाटों तक आने-जाने वाले मार्गों पर यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने तथा किसी भी प्रकार की अव्यवस्था अथवा अप्रिय घटना की रोकथाम हेतु विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं । घाटों एवं आसपास के संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल की सक्रियता सुनिश्चित की जा रही है, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा पर्व के दौरान शांति एवं कानून-व्यवस्था बनी रहे । मऊ पुलिस द्वारा छठ पर्व को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु निरंतर निगरानी एवं आवश्यक सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित किए जा रहे हैं।